**पाठक एवं एजैंट नोट करें**

पंजाब केसरी, जग बाणी एवं हिन्द समाचार में विज्ञापन एवं सर्कुलेशन संबंधी पूछताछ एवं किसी समस्या के बारे निम्नलिखित नम्बर पर सम्पर्क करें :
0181-2212121
ई-मेल : jagbani@pkesari.in

# सिरसा केसरी

एयर क्वालिटी इंडैक्स
सिरसा 166
अच्छा | खराब | बहुत खराब

तापमान
अधिकतम 41
न्यूनतम 30
आज का तापमान लगभग 41 डिग्री रह सकता है

THURSDAY, 29 MAY 2025 | सूर्योदय 05.31 | सूर्यास्त 07.23 | अगले 24 घंटों के दौरान आंशिक बादल छाए रहेंगे। | SIRSA KESARI





## जन्मदिन मुबारक



मान्या गर्ग



मान्या नागपाल

## बंधन प्यार का



नवजोत कौर संग विशालप्रीत।

## सैल्फी स्टार



उपासना के साथ मनीषा।



निर्भय के साथ गुरांश नागपाल।

पंजाब केसरी
सदा आपके साथ
जन्मदिन विवाह वर्षगांठ
बेटे/बिटिया के जन्मदिन | नव-विवाहित जोड़े की | अपने विवाह की वर्षगांठ की
फोटो हमें भेजें। प्रकाशन निःशुल्क होगा
SAS @punjabkesari.net.in
whatsapp
93062-56445
नोट : मेल में नाम, माता-पिता का नाम, पता और मोबाइल नंबर जरूर लिखें।

# 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' पर व्यापक जन भागीदारी के साथ जिला, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर होंगे कार्यक्रम : उपायुक्त

■ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

सिरसा, 28 मई(स.ह): उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि 21 जून को जिले में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़े स्तर पर जनभागीदारी होगी। योग दिवस को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और ग्राम पंचायत, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न सामाजिक संगठन भी कार्यक्रम में भागीदारी निभाएंगे।

योग दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। बुधवार को लघु सचिवालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, सीईओ जिला परिषद डा. सुभाष चंद्र, पतंजलि योग समिति के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।



योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक लेते उपायुक्त।

उपायुक्त ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं वैकल्पिक जगह को भी चिन्हित रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उपमंडल व खंड स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को योग दिवस कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक प्रबंधों समय रहते पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालय, एंबुलैंस, बिजली आदि व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन्हें समयबद्ध पूरा करेंगे और योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन में कर्त्तव्यनिष्ठा व जिम्मेदारी से अपनी डयूटी का निर्वहन करेंगे।

जिला आयुष अधिकारी डा. राजकुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में जिला में योग प्रोटोकोल अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दूसरा योग प्रोटोकोल अभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 जून से 6 जून तक, तीसरा 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 से 14 जून तक तथा चौथा 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 18 जून तक आयोजित किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर मीटिंग में बनाई रूपरेखा

सिरसा,28 मई (स.ह.): पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा 21 जून 2025 को कुरुक्षेत्र में मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला सिरसा की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते संगठन सदस्य।

इस बैठक की जानकारी देते हुए पतंजलि योग समिति के जिला प्रैस प्रवक्ता मोहनलाल अरोड़ा ने बताया कि मीटिंग की अध्यक्षता भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी हरदयाल बेरी ने की तथा कार्यक्रम के बारे में सभी प्रकार से प्रबंधन को अंतिम रूप देने के लिए जयप्रकाश जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति ने विचार रखे।

इस अवसर पर महामंत्री वीरेंद्र नागपाल व उर्वशी तंवर ने बताया कि जिला सिरसा से योग शिक्षकों व योग साधकों को कुरुक्षेत्र लेकर जाने के लिए बसों का प्रबंध किया जाएगा तथा खानपान का भी इंतजाम होगा। इस बारे में हमारे तहसील प्रभारी योग शिक्षक व योग क्लासों में जाकर आमंत्रण दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला युवा प्रधान प्रभारी सुरेश शेरड़िया, प्रभारी खैरात लाल, किसान प्रभारी इंद्रपाल, योग शिक्षक नानूराम आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन का मॉडल स्वरूप है आधुनिक गुजरात : मनोहर लाल

शहरों को स्वाभिमानी और सम्मानजनक जीवनशैली का केंद्र बनाना है लक्ष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के शहरी विकास के पहिए को रफ्तार देते हुए 5536 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। गुजरात के शहरी विकास वर्ष के 20 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में आयोजित समारोह में गुजरात के आधुनिक विकास मॉडल को नई उड़ान देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1006 करोड़ की लागत से तैयार 22 हजार से ज्यादा आवास इकाइयों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही नगरीय विकास विभाग के अंतर्गत 1447 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करने के साथ 1347 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

समारोह में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्प गुच्छ भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मनोहर लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शहरों को स्वाभिमानी और सम्मानजनक जीवनशैली का केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। शहर बसाना और बनाना आसान है लेकिन बेहतर बनाना और समय के हिसाब से परिवर्तन लाना और उन्हें मैंटेन करना बड़ी चुनौती है। पी.एम. मोदी ने 100 स्मार्ट सिटी बनाने का जो लक्ष्य दिया है उस पर तेजी से काम किया जा रहा है।

**ट्रो में भारत जल्द पहुंचेगा दूसरे स्थान पर:** मनोहर लाल ने कहा कि 25 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों को मैट्रो की सौगात दी जा रही है। जल्द 1 हजार किलोमीटर से ज्यादा शहरों में मैट्रो का परिचालन शुरू होगा। फिलहाल 950 किलोमीटर भारत मैट्रो परिचालन में दुनिया भर में तीसरे स्थान है, चीन पहले और अमरीका दूसरे स्थान है। जल्द अमरीका को पछाड़कर भारत दूसरे पायदान पर पहुंचेगा।

**हर राज्य में स्थानीय निकायों को किया जा रहा सशक्त:** मनोहर लाल ने कहा कि विकसित शहरों के निर्माण में भागीदारी बढ़ाने की दिशा में हर राज्य में स्थानीय निकायों को सशक्त किया जा रहा है। शहरों के बाहरी इलाकों के सुनियोजित विकास हेतु नए नगर विकास प्राधिकरण बनाए जा रहे हैं। नागरिकों को बेहतर सेवाएं, आधुनिक संरचना और बेहतर व्यवस्थाएं मुहैया करवाई जा रही हैं जिसका परिणाम यह है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में सूरत देश का सबसे स्वच्छ शहर बना और 7-स्टार रेटिंग प्राप्त की। पी.एम. स्वनिधि योजना में अहमदाबाद ने देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया। -**चन्द्र शेखर धरणी**

# समाजसेवा क्षेत्र में योगदान के लिए ग्रोवर को किया सम्मानित

सिरसा, 28 मई (स.ह.): दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक भव्य एवं गरिमामय समारोह में डॉ. नरेश कुमार को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए डाक्टरैट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह विशिष्ट सम्मान आईकॉनिक पीस अवार्ड काउंसिल द्वारा प्रदान किया गया, जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है। कार्यक्रम में देशभर से कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। समारोह के मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद नरेश कुमार बंसल जी रहे, जिन्होंने सभी सम्मानित प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक प्रगति में उनके योगदान के लिए प्रेरित किया।

ग्रोवर ने शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से समर्पण के साथ कार्य करते हुए विशेष रूप से ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षित करने, नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार और सामाजिक जागरूकता लाने का कार्य किया है।



अवार्ड के साथ नरेश ग्रोवर।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दविंदर शर्मा, तथा राजकीय विद्यालय बप्पा के प्रधानाचार्य शुभकरण शर्मा ने डॉ. नरेश कुमार को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# धोतड़ के छोटूराम गोदारा सबसे ज्यादा 447 वोट लेकर बने विजेता

रानियां, 28 मई (मनोज): द रानियां बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड के चुनाव बुधवार को संपन्न करवाए गए। जिसमें प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के चुनाव में छोटू राम ने 447 वोट लेकर विजयी हासिल की और पहले नंबर पर रहे।

वहीं बलजीत सिंह ने 432 वोट लेकर दूसरा स्थान, अंग्रेज सिंह बाजवा ने 347 वोट लेकर तीसरा स्थान, राजकुमार मेहता 303 वोट के साथ चौथा स्थान व गुरजंट सिंह 301 लेकर 5वें स्थान पर रहे और विजयी हासिल की।

चुनाव अधिकारी लीलू राम ने बताया कि रानियां बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड के कुल 3762 मतदाताओं में से 2655 मतदाताओं ने वोट डोले, जो कुल 71 प्रतिशत के लगभग मतदान रहा। मतदान के लिए कुल 6 बूथ बनाए गए जिसमें महम्दपुरिया, मंगालिया, धोतड़, थेडी रत्न सिंह व रानियां अनाज मंडी में 2 बूथ बनाए गए थे।

मतदान केंद्र पर सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की गई थी। मतदान के तुरंत बाद मतगणना का कार्य शुरू किया गया। कुल 9 उम्मीदवारों में 5 उम्मीदवार विजयी हुए जबकि 4 उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा जिसमें छठे नंबर पर रहे वीरेन्द्र सिंह विर्क को 261 वोट, 7वें नंबर पर हरजिन्द्र सिंह नानूआना को 248 वोट, 8वें नंबर पर रहे रणजीत सिंह के 179 वोट व 9वें स्थान पर पवन कुमार 115 वोट मिले।

रानियां में पैक्स का चुनाव सुबह 9 बजे से शुरू होकर 4 बजे तक मतदान हुआ। शाम 4 के बाद मतगणना का कार्य आरंभ किया गया। एपीओ राजन कंबोज, मुकेश कुमार व रामफल ने मतदान का कार्य बखूबी निभाया वहीं निरीक्षक संजय कंबोज व नरेश ने शांतिपूर्वक मतदान करवाया।

**6 बूथों पर हुआ मतदान:** रानियां पैक्स चुनाव के अंतर्गत 6 बूथों पर मतदान हुआ जिसमें 2 बूथ रानियां की अनाज मंडी में बनाए गए वहीं गांव महम्मदपुरिया, धोतड़, मंगालिया व थेडी रत्न सिंह में मतदान के लिए एक-एक बूथ बनाए गए।

**71 प्रतिशत रहा मतदान:** रानियां पैक्स चुनावों में कुल 3762 मतदाताओं में से 2655 वोट पोल हुए जोकि मतदान 71 प्रतिशत मतदान रहा। चुनावों में कुल 9 उम्मीदवारों भाग लिया जिसमें 5 उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा वोट लेकर जीत हासिल की जबकि 4 उम्मीदवारों को कम वोट मिलने के कारण हार का सामना करना पड़ा।

**अनूसूचित जाति के उम्मीदवार को मिली हार:** रानियां पैक्स चुनावों में 9 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल करवाया जिसमें मात्र एक उम्मीदवार अनुसूचित जाति से संबंधित था और 8 सामान्य जाति वर्ग से उम्मीदवार थे। इसके बावजूद अनुसूचित जाति वर्ग के रणजीत सिंह वरतिया को 179 मत हासिल हुए जिसे हार का सामना करना पड़ा।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढूकड़ा में गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

सिरसा, 28 मई (स.ह.): राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढूकड़ा के प्रांगण में आज बोर्ड परीक्षाओं में मैरिट हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए ग्राम पंचायत और विद्यालय प्रशासन की तरफ से एक भव्य कार्यक्रम "गौरव सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया, जिसमें बोर्ड की परीक्षाओं में मैरिट लाने वाले 23 छात्र-छात्राओं को शोल्डर रिबन पहनाकर और ट्राफी देकर सम्मानित किया।

विद्यालय की प्राचार्य मोना पुरी ने बताया कि अगर इरादा पक्का हो तो गांव की पगडंडी भी सफलता का राजमार्ग बन सकती है। गांव के जुझारू सरपंच राजेंद्र ढूकड़ा ने कहा कि यह उनके लिए बेहद भावुक पल है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सारे स्टाफ ने अपना अनुसरणीय और रचनात्मक योगदान दिया।

ग्राम पंचायत और विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गुड़ियाखेड़ा के सरकारी स्कूल के प्राचार्य और सीआरसी उम्मेद सिंह ढाका, बकरियांवाली गांव के स्कूल के प्राचार्य शीशपाल, पूर्व प्राचार्य गिरधारी लाल, एसएमसी कमेटी के प्रधान सुनील सोनी और सभी पदाधिकारियों समेत गांव की गौशाला कमेटी और अन्य संस्थाओं के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य शीशपाल और अंग्रेजी प्रवक्ता प्रियंका को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का स्वागत सरपंच राजेंद्र ढूकड़ा की अगुवाई में ग्राम पंचायत और प्राचार्य मोना पुरी के नेतृत्व में स्कूल प्रशासन ने किया। कार्यक्रम के अंत में पर प्राचार्य मोना पुरी ने सभी का धन्यवाद किया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दड़बी में करवाया जागरूकता सैमीनार

■ साइबर एक्सपर्ट बोले, मोबाइल की ओ.टी.पी. आपके घर की चाबी

सिरसा, 28 मई (स.ह.): जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला के आदेशानुसार ग्राम पंचायत दड़बी के सहयोग से एक हर डिग्निटी एंटी टीचिंग एंड बुलिंग तथा साइबर क्राइम पर सैमीनार आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला बार संघ के प्रधान चौ. गंगाराम ढाका रहे, जबकि अध्यक्षता गांव के सरपंच रामस्वरूप ने की। विशेष मेहमानों में बार संघ के सचिव हरदीप सिंह सिद्धू, साइबर क्राइम एक्सपर्ट सुभाष सिहाग, इंचार्ज साइबर थाना सिरसा, लीगल एड पैनल से मोहनलाल अरोड़ा एडवोकेट, डीएलबी सोमा रानी शामिल रहे।





स्कूली बच्चों द्वारा तैयार पोस्टर एवं उपस्थितजन।

सर्वप्रथम स्कूल की प्रिंसीपल कृष्णा कड़वासरा ने आए हुए मेहमानों का अभिनंदन किया। साइबर एक्सपर्ट ने बताया कि आपके मोबाइल की ओटीपी, आपके घर की चाबी है। आप कहीं भी लालच में न आएं तथा हर प्रकार से ठग, बेईमानों से सावधान रहते हुए यदि कोई ऐसी हरकत करता है तो इंटरनेट पर 1930 पर कॉल कर सकते हैं तथा हमारे साइबर थाना से जब मर्जी संपर्क किया जा सकता है या 112 डायल करके पुलिस को सूचित किया जा सकता है।

उन्होंने अपने आप को बचाने के लिए सरकार द्वारा दी गई हिदायतों और हर प्रकार से जानकारी को सर्वोत्तम विधि बताया। आपको लालच में लेकर आपके खातों को खाली करवा सकते हैं। मुख्यातिथि चौ. गंगाराम ढाका, विशिष्टातिथि हरदीप सिंह सिद्धू, प्रिंसीपल कृष्णा कड़वासरा, रिटायर्ड मास्टर रामकिशन कंबोज तथा अन्य मेहमानों ने अपनी बच्चियों को इस कलयुग में बचाने के लिए छेड़छाड़ के विरुद्ध आज के अभियान की प्रशंसा।

लीगल एड पैनल एडवोकेट मोहनलाल अरोड़ा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया। निःशुल्क यहां अनेक वकील विशेषज्ञ पीड़ित को न्याय दिलवाने के लिए दिन-रात एक करते हैं। सरपंच रामस्वरूप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया एवं सचिव प्रवेश कुमार सिंगला को आगे भी इसी तरह कार्यक्रम गांव में करवाने के लिए आमंत्रण दिया।

इस अवसर पर ब्लॉक समिति सदस्य हरपाल सिंह, सेवानिवृत्त अध्यापक रामकिशन कंबोज, हंसराज कंबोज, गौरव, स्कूल मैनेजमैंट कमेटी सदस्य उषा रानी, एमसी सरोज, सुमन, ममता सहित गांव के गण्यमान्य व्यक्ति तथा विद्यार्थी, समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# लायंस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन, वकील आरेवाले अध्यक्ष व मनीष नागपाल बने सचिव



कार्यकारिणी का स्वागत करते क्लब के सदस्य। (विक्टर)

ऐलनाबाद, 28 मई(विक्टर): लायंस क्लब की एक आवश्यक चुनावी बैठक क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र हिमानी के अनाज मंडी स्थित प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक की अध्यक्षता लायंस क्लब के संरक्षक अमरपाल खोसा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से वकील सिंह आरेवाले को पुनः क्लब का अध्यक्ष चुना गया और उनके साथ मनीष नागपाल को सचिव व अमित मोदी को कैशियर की जिम्मेदारी दी गई। सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

आगामी वर्ष के लिए फिर से अध्यक्ष चुने जाने पर वकील सिंह आरेवाले ने कहा कि सभी सदस्यों ने आगामी वर्ष में भी उन पर जो विश्वास दिखाया है, उस पर वो खरा उतरने का प्रयास करेंगे और हमेशा समाज सेवा के क्षेत्र में लायंस क्लब को क्षेत्र में एक अग्रणीय संस्था बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह कि वे समाज सेवा के नए नए प्रोजैक्ट सुझाएं ताकि उन प्रोजैक्ट पर कार्य करते हुए, उन्हें अच्छे तरीके से लगाया जा सके और जरूरतमंद लोगों को फायदा हो सके।

इस मौके पर क्लब के संरक्षक अमरपाल सिंह खोसा, सुरेंद्र हिमानी, आशु बंसल, सरपंच सतनारायण बसीर, डॉ. गुरदेव सिंह, डॉ. एसके गर्ग के अलावा अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# सुमन बनी भारतीय नारी शक्ति एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष

सिरसा, 28 मई(स.ह): गांव पन्नीवाला मोटा से सुमन रानी को भारतीय नारी शक्ति एसोसिएशन का सिरसा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। आज जारी प्रैस विज्ञप्ति में एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग ने यह घोषणा की है।

साथ ही सिरसा से अनिता सैनी व रानियां से संतोष देवी को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा ऐलनाबाद से हरविंदर कौर व सिलोचना वर्मा को जिला उपाध्यक्ष तथा डबवाली से वीना सेठी, रानियां से नसीबो बाई व कश्मीरो बाई को जिला सचिव नियुक्त किया है। वहीं ऐना देवी कोषाध्यक्ष एवं स्मृति सोशल मीडिया प्रमुख का काम संभालेंगी।

सिहाग ने बताया कि भविष्य में जिला व प्रदेश की टीम का और विस्तार किया जाएगा। इस गैर राजनीतिक एसोसिएशन का गठन समाज भलाई के कार्यों के लिए किया गया है। सामाजिक क्षेत्र में कई वर्षों से यह संगठन काम कर रहा है। नशे को छोड़ो रिश्ते जोड़ो अभियान से लेकर हर गांव शहर पेड़ की छांव के अलावा चूल्हे से चौपाल तक मुहिम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के अनेक कार्यक्रम चलाए हैं।

निताशा ने बताया कि एसोसिएशन के उद्देश्यों में प्रमुख रूप से नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता जनजागरण से लेकर बच्चों व महिलाओं के अपराधों के विरुद्ध सजगता से काम करना शामिल है।

# माहवारी स्वच्छता दिवस पर महिलाओं को किया जागरूक

सिरसा, 28 मई(स.ह): विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला के सरकारी स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे किसी गंभीर बीमारी की चपेट में न आएं।

उप सिविल सर्जन डॉ. संदीप सिंह ने बताया कि माहवारी चक्र के दौरान महिलाओं को संतुलित खानपान और सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस समय शरीर को पोषक तत्वों की आवश्यकता अधिक होती है, जिससे कमजोरी और अन्य समस्याओं से बचा जा सके।



स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते वक्ता।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के मोटीवेटर एवं जिला अर्श काऊंसलर कमल कक्कड़ ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादु के दिशा-निर्देशानुसार सभी स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूलों में यह दिवस मनाया गया। सरकार द्वारा 10 से 19 वर्ष की किशोरियों के लिए समय-समय पर सैनेटरी नैपकिन, आयरन की गोलियां और एल्बेंडाजोल जैसी सप्लीमैंट्स वितरित की जाती हैं ताकि वे स्वस्थ और सशक्त बनी रहें।

माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, जो किशोरावस्था में 10 से 19 वर्ष की आयु में शुरू होती है और 40 से 45 वर्ष की आयु तक जारी रहती है। यह हर 28-30 दिनों में होती है और यह शरीर में हो रहे विकास का संकेत है। उन्होंने युवतियों को सलाह दी कि माहवारी के दौरान हमेशा सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करें, और गीला होने पर उसे तुरंत बदलें।

माहवारी के समय साफ पानी और साबुन से स्नान करें, हाथ धोएं और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इसके अतिरिक्त, सभी किशोरियों को मित्रता क्लीनिक की जानकारी दी गई, जो कि हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है तथा यहां वे बिना झिझक आकर अपनी समस्याएं सांझा कर सकती हैं और उचित परामर्श प्राप्त कर सकती हैं।

# जीवननगर रोड है अत्यंत संकरी, इसका चौड़ीकरण कार्य जल्द शुरू किया जाए : संदीप घोडेला

ऐलनाबाद, 28 मई (विक्टर): शहर को जीवननगर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क वर्तमान में अत्यंत संकरी है, जिससे इस मार्ग पर यात्रा कर रहे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों, स्कूलों, अस्पतालों और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन सड़क की चौड़ाई इतनी कम है कि 2 बड़े वाहन एक साथ नहीं निकल सकते, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसी गंभीर विषय को लेकर ऐलनाबाद के नगर पार्षद वार्ड नंबर-5 के संदीप घोडेला ने सड़क के चौड़ीकरण की मांग को लेकर 7 मई 2025 को हरियाणा सरकार के जन संवाद पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी। संबंधित विभाग ने जवाब में बताया कि यह सड़क फिलहाल डीएलपी में है, जो 17 अगस्त 2026 तक लागू है, और इस अवधि में कोई नया कार्य शुरू नहीं किया जा सकता।

नगर पार्षद संदीप घोडेला ने इस उत्तर को जनहित के खिलाफ बताते हुए सरकार से विशेष आग्रह किया है कि तकनीकी नीति से इतर, इस सड़क की जमीनी हालत को देखते हुए चौड़ीकरण का कार्य डीएलपी समाप्त होने से पहले ही शुरू किया जाए। यह केवल नियमों का विषय नहीं है, बल्कि यह जनसुरक्षा और जनसुविधा का मामला है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे जनता के हित में इस विषय को और अधिक ऊंचे स्तर पर उठाएंगे।

# पटवारी लच्छीराम जलंधरा की मृत देह मैडीकल शोध कार्यों हेतु दान

बडागुढ़ा, 28 मई (स.ह.): गांव नुहियांवाली निवासी पटवारी लच्छीराम जलंधरा (90 वर्षीय) का देहांत हो गया। वे उर्दू भाषी पटवारी थे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डेरा सच्चा सौदा से जुड़े होने के चलते लच्छीराम जलंधरा ने प्रतिज्ञा पत्र भरा हुआ था कि उनकी मृत्यु के बाद उनका मृत शरीर मैडीकल शोध कार्यों हेतु दान कर दिया।

इसी के चलते बुधवार को लच्छीराम जलंधरा के पुत्रों अशोक व विनोद ने अपने पिता की प्रतिज्ञा को पूरा करते हुए उनकी मृत देह वैंक्टेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैडीकल साइंस, अमरोहा (यूपी) को दान कर दी। जहां पटवारी लच्छीराम जलंधरा की मृत देह मैडिकल के छात्रों के शोध कार्यों में काम आएगी।



लच्छीराम जलंधरा को अंतिम विदाई देते डेरा अनुयायी।

लच्छीराम जलंधरा को अंतिम विदाई देने हेतु डेरा की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वैल्फेयर कमेटी के सदस्य, परिजन एवं रिश्तेदार व गण्यमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व डेरा सच्चा सौदा की मुहिम बेटा-बेटी एक समान के तहत लच्छीराम जलंधरा की अर्थी को कंधा उनकी बेटी सीमा, पौत्री सोनिया, गुरमीता व पलक ने दिया।

# विवाद सुलझा, चारों पदाधिकारियों के इस्तीफे नामंजूर

सिरसा, 28 मई (स.ह): कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा दिए इस्तीफे नामंजूर कर दिए गए हैं। सरपरस्त मंडल ने नामंजूर किए प्रधान गौरव मोंगा, उप प्रधान विकास बंसल, महासचिव राजेश जिंदल व कोषाध्यक्ष टिंकू जिंदल द्वारा एक साथ दिए इस्तीफे एसोसिएशन में चल रहा कथित विवाद सुलझा।

कालांवाली से गए एसोसिएशन के जिला प्रधान प्रदीप जैन ने भी विवाद सुलझाने में निभाई अहम भूमिका। सरपरस्त नरेश मित्तल ने बताया कि 2 पक्षों में गलतफहमी थी जिसे दूर कर दिया है। दोनों को भविष्य में एक दूसरे पर सोशल मीडिया में कोई भी टीका टिप्पणी नहीं करने के निर्देश सरपरस्त मंडल ने दिए हैं।

चर्चा है कि, एक पूर्व पदाधिकारी ने एसोसिएशन के कार्यों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगा दिए थे, इसी से नाराज होकर चारों पदाधिकारियों ने दिए थे इस्तीफे। लेकिन जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने अपने साथियों के साथ अहम जिम्मेदारी निभाते हुए सभी में पैदा हुआ मतभेद सुलझा दिया और अब कार्यकारिणी आढ़ती व व्यापारी भाइयों के लिए काम करेगी।

# नाथुसरी कलां के कपिल कुलड़िया को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

चोपटा,28 मई (स.ह.): हरियाणा के आयुष विभाग (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्धा, होम्योपैथी) एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में "योग महोत्सव" का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सूर्य नमस्कार-2025 प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिसमें नाथुसरी कलां के कपिल कुलड़िया को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। ग्रामीणों ने कपिल को बधाई दी।

मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आयुष विभाग सिरसा में कार्यरत कपिल कुलड़िया को विभागीय उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।



अवार्ड के साथ कपिल कुलड़िया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, आयुष महानिदेशक सजीव वर्मा, योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य, वंदना सिसौदिया सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आयुष विभाग के 3 नए पोर्टल भी लांच किए गए। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य में अब योग एवं प्राकृतिक चिकित्सकों का पंजीकरण होगा और योग सहायकों को बीमा कवर मिलेगा। साथ ही, स्कूलों में कक्षा 12 तक योग को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

# नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

## ■ नशे की लत लगाने के आरोप में 4 लोगों पर केस दर्ज

डबवाली, 28 मई (संदीप): गांव अबूबशहर में नशे की ओवरडोज से 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। चौटाला चौकी पुलिस ने मृतक के भाई के बयानों पर गांव अबूबशहर के 4 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। युवक के शव का आज डबवाली के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव अबूबशहर के जलघर में युवक तड़पते हुए मिला। परिजन युवक को घर ले गए। युवक ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। उधर, मामले की सूचना पाकर



चौटाला चौकी प्रभारी आनंद भी गांव में पहुंचे। मृतक की पहचान अर्शदीप पुत्र केहर सिंह के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी आनंद के मुताबिक मृतक ने मौत से पहले अपने भाई गुरलाभ सिंह को जानकारी देते हुए बताया कि उसे गांव के ही 4 लोगों ने नशे की दलदल में धकेला और नशे की लत लगाई।

इन चारों लोगों ने उसे नशे की गोलियां खाने की आदत डाली। गुरलाभ सिंह ने पुलिस को दर्ज कराए बयानों में बताया कि उसका भाई अर्शदीप जलघर में तड़प रहा था। जिसके बाद उसे घर लाया गया। घर पर उसकी मौत हो गई।

**2 आरोपी गिरफ्तार:** चौटाला चौकी प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि इस मामले में नामजद 4 आरोपियों में से 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाकी दोनों फरार आरोपियों को भी पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी। पुलिस अबूबशहर में नशा बेचने वालों को बख्शेगी नहीं। नशे पर अंकुश लगाने के लिए गांव अबूबशहर में स्पैशल अभियान चलाया जाएगा।

# किसानों की सब्जी जलमग्न, लाखों का नुकसान

रानियां, 28 मई (मनोज): खंड के गांव ओटू में बहने वाली घग्गर नदी के किनारे पर बसे गांव धनुर में घग्गर नदी की धार में आने वाली लगभग एक दर्जन से अधिक किसानों की भूमि में लगी सब्जी की खेती जलमग्न हो गई है।

किसानों की फसल डूबने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। किसान खुशीराम, गोविंद, लेखराज, जसराम, तिलक राज, दीवान चंद ने बताया कि उनकी भूमि घग्गर नदी की धार के अंदर आती है। जिस भूमि पर उन्होंने सब्जी की खेती की हुई है। किसानों द्वारा वहां पर भिंडी, हरी मिर्च सहित अनेक सब्जी बिजाई कर रखी है।

किसानों ने बताया कि ओटू हैड पर पुल का रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। जिसके चलते गांव धनुर के पास घग्गर नदी के बीच में बांध बनाया हुआ है और घग्गर नदी में आया पानी आगे नहीं जा रहा है। जिसकी वजह से नदी की धार में आने वाले किसानों के खेत पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं।



धनुर में घग्गर नदी की धार में आने वाले खेत हुए जलमग्न। (मनोज)



किसानों की डूबी हुई सब्जी की फसल। (मनोज)

किसानों ने बताया कि अगर जल्द ही घग्गर नदी के बीच में बनाए गए बांध को नहीं हटाया तो आसपास के साथ लगते खेत भी पूरी तरह डूब जाएंगे। किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द नदी के बीच में बनाए गए बांध को हटाया जाए ताकि नदी की धार में आने वाले किसानों की फसल पानी में जलमग्न न हो।

किसानों ने मांग की है कि जलमग्न हुई फसल की वजह से किसानों को जो नुकसान हुआ है सरकार उन किसानों को मुआवजा दें ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान न हो सके।

# नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत लघु सचिवालय में कल 5 बजे होगी मॉक ड्रिल

## रात 8 बजे लघु सचिवालय कॉलोनी में किया जाएगा ब्लैकआऊट

सिरसा, 28 मई(स.ह): गृह मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में आज 29 मई को सायं 5 बजे लघु सचिवालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। 'ऑप्रेशन शील्ड' नागरिक सुरक्षा अभ्यास का उद्देश्य आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई, तैयारी और रिस्पोंस को बेहतर बनाना है। आपातकालीन तंत्र का परीक्षण, नागरिक प्रशासन, सुरक्षा बल व स्थानीय समुदाय के बीच समन्वय बनाना है, ताकि संकट के दौरान त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो। ऑप्रेशन शील्ड के तहत सायं 5 बजे लघु सचिवालय में सायरन बजेगा और मॉक ड्रिल में घायलों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया जाएगा।

इस दौरान विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल को परखा जाएगा। आपात सेवाएं कितनी जल्दी उपलब्ध हो पाती हैं, इसका भी आंकलन किया जाएगा। वहीं शाम को 8 बजे से 10 मिनट के लिए लघु सचिवालय की कॉलोनी में ब्लैक आऊट किया जाएगा। अभ्यास को लेकर नगराधीश यश मलिक की अध्यक्षता में आपात सेवाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें अभ्यास व ब्लैकआऊट को लेकर चर्चा की गई। नगराधीश ने कहा कि यह एक मॉक ड्रिल है और इसका उद्देश्य आपात स्थिति में तैयारियां और रिस्पोंस को बेहतर बनाना है।

# योग मित्र चैरीटेबल ट्रस्ट सिरसा के प्रधान मुकेश कुमार सम्मानित

सिरसा,28 मई (स.ह.): आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग द्वारा इंद्रधनुष ऑडिटोरियम पंचकूला में योग महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती राव द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई।

इस कार्यक्रम में राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान जो 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चला, इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 264 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिसमें योग मित्र चैरीटेबल ट्रस्ट सिरसा के प्रधान मुकेश कुमार को मुख्यमंत्री द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया, जो सिरसा जिले के लिए गर्व की बात है।

# भारतीय दंत चिकित्सक संघ ने करवाई टी.एम.जे. विकार पर संगोष्ठी



कार्यक्रम में मौजूद दंत चिकित्सक।

सिरसा,28 मई (स.ह.): भारतीय दंत चिकित्सक संघ (आईडीए), सिरसा शाखा द्वारा एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट (टीएमजे) विकारों के उपचार एवं प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में जेसीडी विद्यापीठ, सिरसा की वरिष्ठ प्रो. एवं प्रमुख डा. पूजा खन्ना ने टीएमजे विकारों के इलाज की योजनाओं और उनके प्रबंधन पर अत्यंत ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

इस संगोष्ठी में सिरसा के अनेक प्रसिद्ध दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईडीए सिरसा के अध्यक्ष डा. पंकज गुप्ता ने की, जबकि सचिव डा. चिनू गोयल मित्तल और कोषाध्यक्ष डा. विश्वंजय मेहता ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान डा. सुशील सिंगला को पंचुअलिटी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

अंत में सचिव डा. चिनू गोयल मित्तल ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उपस्थित चिकित्सकों में डा. विनोद मेहता, डा. रोहित मेहता, डा. विकास जैन, डा. नीरज मित्तल, डा. राधा गोयल, डा. स्मृषि सहित कई अन्य दंत चिकित्सक शामिल रहे।

# पैसे डबल करने का लालच देकर 3 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक युवक काबू

सिरसा, 28 मई(स.ह): जिला की नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने बीती 25 मई 2025 को पंजाब के गिद्दड़बाहा निवासी एक व्यक्ति से सिरसा में कुछ लोगों द्वारा पैसे डबल करने का लालच देकर 3 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए, गिरोह के एक युवक को काबू कर लिया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी इंस्पैक्टर राजकुमार ने बताया कि तन्मेय उर्फ गोल्डी पुत्र रूपचंद निवासी दशमेश नगर, गिद्दड़बाहा जिला मुक्तसर साहिब, पंजाब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पंजाब के बठिंडा शहर में बस स्टैंड के पास तन्मेय मोबाइल केयर के नाम से दुकान करता है।

लभा पुत्र मंदर सिंह निवासी गुरुसर सेनेवाला जिला बठिंडा के साथ उसकी दोस्ती है, जिसने मुझे बताया कि राजस्थान के हनुमानगढ़ में एक व्यक्ति पैसे डबल करने का काम करता है। 25 मई 2025 को पीड़ित व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से सोमबीर से पैसे डबल करने के बारे में बात की। जिस पर मैंने 3 लाख रुपए का इंतजाम करके सोमबीर के साथ व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क किया।

जैसे ही मैं व मेरा दोस्त रमनदीप सिंह पुत्र मेजर सिंह निवासीगांव चुगे कलां जिला बठिंडा को अपने साथ लेकर शाह सतनाम डेरा सिरसा के पास पहुंचा, जहां पर मुझे सोमबीर पुत्र लीलुराम निवासी रतनपुरा थाना भिराणी जिला हनुमानगढ़ मिला उसने मेरे से 3 लाख रुपए लेकर बरेजा गाड़ी में बैठे भूरा नाम के व्यक्ति को दे दिए।

उसके बाद भूरा ने मुझे कहा कि अभी एक इनोवा गाड़ी आएगी जो आपको 6 लाख रुपए दे देगी। फिर उसी समय वहां पर एक इनोवा गाड़ी आकर रुकी। जिसमें पहले से 4 व्यक्ति आगे व पीछे की सीट पर पुलिस की वर्दी में बैठे थे। उन्होंने दोस्त रमनदीप व मेरी गाड़ी को नेजियाखेडा टी पॉइंट रंधावा पर छोड़कर पहले से गाड़ी में बैठे चारों लोग मुझे सिरसा से दूर गांव फूलकां ले गए और मुझे गाड़ी से नीचे उतार दिया।

वो पांचों व्यक्ति सोमबीर सहित इनोवा गाड़ी लेकर मौका से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना नाथूसरी चौपटा में सोमबीर व पांचों अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस की वर्दी का दुरूपयोग कर जालसाजी कर 3 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई थी।

नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान थाना कि एक पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त एक युवक सोमबीर पुत्र लीलुराम निवासी रतनपुरा थाना भिराणी, राजस्थान को गांव नेजियाखेड़ा से काबू कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

# डेरा श्योराम दास में सूर्य तपस्या पूर्ण होने पर करवाया हवन व भंडारा

सिरसा,28 मई (स.ह.): डबवाली रोड स्थित डेरा बाबा श्योरामदास में देशवासियों की खुशहाली के लिए मुख्य सेवक बाबा हरपाल दास की 11 दिनों की सूर्य तपस्या पूर्ण होने पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया।

सुबह डेरे में हवन-यज्ञ किया गया, जिसमें उपस्थित महानुभावों में आहूति डालकर पुण्य कमाया। इसके बाद लंगर भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि मुख्य सेवक बाबा हरपाल दास ने 11 दिनों में सवा 3 घंटे की तपस्या (सुबह 11 से 2:15 बजे तक) की। उनके साथ गांव मोरीवाला स्थित डेरे के संचालक बाबा विजयदास भी सवा 3 घंटे तक धूप में खड़े रहकर तप किया।

यही नहीं बाबा विजयदास मोरीवाला डेरे में सवा महीने उलटे होकर तपस्या कर चुके हैं। बाबा हरपाल दास ने कहा कि तप करने का अपना एक महत्व है। तप से शरीर को मजबूती मिलती है। इससे पूर्व भी कई प्रकार के कठिन तप भी कर चुके हैं। इस मौके पर बाबा विजयदास मोरीवाला से, सुरेश गुज्जर, सतपाल श्रवण गुज्जर, जगदीश गुज्जर, ईश्वर गुज्जर, रणवीर गुज्जर, राजेंद्र सैनी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।



हवन में आहुति डालते बाबा हरपाल दास व अन्य भक्तजन।

# हैरोइन सहित व्यक्ति को काबू कर भेजा जेल, असल तस्कर भी किया गिरफ्तार

डबवाली, 28 मई(सेठी): चौकी चौटाला पुलिस ने एक युवक को 6 ग्राम हैरोइन सहित काबू कर जेल भेजने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान नरेन्द्र उर्फ नन्दू पुत्र मुकुट बिहारी निवासी जवाहर कॉलोनी चौटाला के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने असल सप्लायर सुखदेव सिंह उर्फ रोहताश कुमार निवासी चौटाला को भी काबू किया गया है।

आरोपी नरेंद्र उर्फ नंदू को अदालत में पेश किया गया जो आदेशानुसार बंद जेल करवाया गया। पकड़े गए आरोपी नरेंद्र उर्फ नंदू ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसे यह हैरोइन आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ रोहताश कुमार ने ही उपलब्ध करवाई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए असल तस्कर सुखदेव सिंह को भी काबू कर लिया। आरोपी सुखदेव सिंह पुत्र रोहताश कुमार को को अदालत में पेश किया जाएगा।

# कोरोना : नागरिक अस्पताल में बनाया 6 बैड का आइसोलेशन वार्ड

## ■ फ्लू कॉर्नर भी बनाया जाएगा

सिरसा, 28 मई(स.ह): हरियाणा में बढ़ रहे कोरोना के मामलों के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आया है और इससे निपटने की तैयारियों में जुट गया है। स्वास्थ्य विभाग अब सीएचसी-पीएचसी में भी सुविधाओं पर जोर दिया जाएगा। अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट और मैडीकल उपकरणों को जांचा जाएगा, ताकि समय पर इस्तेमाल किया जा सके। साथ ही नए स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी।

इसको लेकर सी.एम.ओ. डा. महेंद्र सिंह भादू ने सभी सी.एच.सी. और पी.एच.सी. प्रभारी मैडीकल ऑफिसर के साथ गत शाम एक बैठक बुलाई थी, उसी में यह आदेश दिए गए। बुधवार से अस्पतालों में व्यवस्थाएं जांचना शुरू कर दिया है। अस्पतालों में ऑक्सीजन लाइन पहले से बिछी हुई है, उनको चैक किया जाएगा।

सिविल अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए दूसरी मंजिल पर 6 बैड का आइसोलेशन वार्ड बना दिया है। राहत की बात है कि अभी तक सिरसा में कोई कोविड का केस नहीं मिला है और न ही किसी संदिग्ध मरीज के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। डॉक्टरों से लेकर नर्सिंग व पैरामैडीकल स्टाफ एक बार पहले कोविड में भूमिका निभा चुके हैं और वह ट्रेंड हैं।

सिविल अस्पताल में फ्लू कॉर्नर भी बनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। विभाग का कहना है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए फ्लू कॉर्नर बनकर तैयार होगा। इससे मरीजों की सैंपलिंग आदि की जांच वहीं पर हो सकेगी। अभी कोविड के लक्षण मिलने पर संदिग्ध मरीज के ही सैंपल जांच करवाए जाएंगे।

# गुरुद्वारे से नकदी चोरी

सिरसा, 28 मई(स.ह): गांव मौजदीन स्थित डेरा बाबा भूमणशाह में घुसकर चोरों ने लॉकर में रखी 5750 रुपए की नकदी चोरी कर ली। पुलिस को दिए बयानों में गुरुद्वारे के पाठी हरभगवान ने बताया कि रात्रि को वह पूजा पाठ के बाद घर चला गया।

देर रात्रि को चोरों ने गुरुद्वारे के गेट पर लगे शीशे को तोड़ दिया और अंदर घुसकर अलमारी में रखे लॉकर का ताला तोड़कर 5750 रुपए की नकदी चुरा ली। सुबह जब वह गुरुद्वारे में आया तो घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। लॉकर संभाला तो नकदी गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिस पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सु-डोकू-7898

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | | 9 | | 3 | |
| | | 8 | | | | 2 | | 6 |
| 6 | | | | 1 | 8 | | | |
| | 6 | | | | | | | 3 |
| | | 3 | | 4 | | 5 | | |
| 5 | | | | | | | 7 | |
| | | | 1 | 8 | | | | 5 |
| 2 | | 4 | | | | 8 | | |
| | 3 | | 5 | | | 9 | 2 | |

आड़े, खड़े व 3×3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।

**सु-डोकू-7897 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 3 | 1 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 8 | 7 |
| 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 |
| 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 |
| 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 | 8 | 5 | 9 |

# घर से नकदी चोरी की गुत्थी सुलझी, एक गिरफ्तार

रानियां, 28 मई (मनोज): जिला पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गांव ढुडियांवाली में स्थित एक घर में रखे गुल्लक से करीब 8 हजार रुपए की नकदी चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए एक युवक को काबू कर लिया।



पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में। (मनोज)

थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि ढुडियांवाली निवासी पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 22 मई को घर में ताला लगाकर अपने परिवार सहित कार्यक्रम में गए हुए थे। अगले दिन वापस घर आकर देखा तो घर के ताले टूटे हुए थे और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था।

घर में रखे गुल्लक से अज्ञात युवक करीब 8 हजार रुपए की नकदी चोरी करके ले गए थे। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए युवक को क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिए। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान राकेश कुमार पुत्र बनवारी लाल निवासी ढुडियांवाली के रूप में हुई है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर कुछ नकदी बरामद की गई है। गिरफ्तार किया गया युवक नशा करने का आदि है और नशे की पूर्ति के लिए ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तार किए गए युवक को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

# डबवाली में 2 महिलाओं को हैरोइन तस्करी में काबू किया

डबवाली, 28 मई (सेठी): डबवाली क्षेत्र में अब महिलाएं भी नशा तस्करी के धंधे में संलिप्त हो रही हैं। ताजा मामले में पुलिस ने हैरोइन तस्करी करने के आरोप में 2 महिलाओं को पकड़ा है।

ए.एस.आई. राकेश कुमार पुलिस पार्टी के साथ पन्नीवाला मोरिका रोड से गांव देसुजोधा आ रहे थे कि 2 महिलाएं गांव देसुजोधा से पन्नीवाला मोरिका की तरफ से आती दिखाई दीं। जो पन्नीवाला मोरिका रोड से एक पक्के रास्ते पर एक महिला दूसरी महिला को कुछ वस्तु देती हुई दिखाई दी। एएसआई ने गाड़ी रोककर नीचे उतरे तो महिलाओं ने अपने हाथ में ली हुई पारदर्शी पन्नी को खेत की तरफ फैंक दिया और तेज कदमों से चलने लगीं।

एएसआई ने शक की बिनाह पर महिला एसपीओ अमरजीत कौर डबवाली की सहायता से महिलाओं को काबू करके नाम पता पूछा तो पहली महिला ने अपना नाम मनप्रीत कौर व दूसरी महिला ने अपने नाम बेअंत कौर बताया। एएसआई ने महिलाओं को पारदर्शी पन्नी फैंकने बारे पूछा तो महिलाओं ने कहा कि हमारे पास हैरोइन थी। जिसको हमने खेत की तरफ फैंका है।

जब महिलाओं द्वारा फैंकी गई पारदर्शी पन्नी के पास पहुंच कर देखा तो उस पन्नी में हैरोइन दिखाई दे रही थी। पुलिस ने इसे लेकर वजन किया जोकि 5 ग्राम 81 मिली ग्राम हैरोइन बरामद हुई। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उधर, गोलबाजार पुलिस ने 14 ग्राम हैरोइन तस्करी के मामले में असल सप्लायर को पंजाब से काबू कर जेल भेजा है। आरोपी की पहचान कपिल उर्फ चिक्की पुत्र चन्द्रमोहन निवासी वार्ड नं.-1 कार्तिक मंडी, फिरोजपुर (पंजाब) के रूप में हुई है।

# अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस सहित आरोपी किया गिरफ्तार

डबवाली, 28 मई (सेठी): चौकी गोरीवाला पुलिस ने अवैध देसी पिस्तौल 32 बोर व एक जिंदा कारतूस सहित आरोपी प्रदीप कुमार पुत्र गुलाब सिंह निवासी बनगांव थाना भट्टू कलां जिला फतेहाबाद को काबू करने में कामयाबी हासिल की है।

इस संबंध में प्रभारी चौकी गोरीवाला स.उप.नि. जयबीर सिंह ने बताया कि एएसआई विजय सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ गांव मोड़ी से गंगा जा रहे थे। जब वह गांव मोडी नहर के नजदीक पहुंचे तो मोडी नहर के पुल पर एक नौजवान खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिस की गाड़ी को देखकर तेज कदमों से चलने लगा।

एएसआई ने गाड़ी रोककर शक की बिनाह पर साथी कर्मचारियों की सहायता से नौजवान को काबू करके तलाशी लेने पर अवैध असला 32 बोर देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिस पर आरोपी प्रदीप कुमार के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत थाना सदर में अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# सी.जे.एम. ने किया वन स्टॉप सैंटर का औचक निरीक्षण

सिरसा, 28 मई(स.ह): जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बुधवार को स्थानीय वन स्टॉप सैंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चैक किया और सुविधाओं का भी जायजा लिया।



सैंटर का निरीक्षण करते सी.जे.एम


उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सैंटर का उद्देश्य महिलाओं की सहायता करना है, इसमें निजी या सार्वजनिक स्थानों, परिवार, समुदाय या कार्यस्थल पर होने वाली हिंसा शामिल है। ऐसी कोई भी महिला किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए हैल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकती है।

## आज का राशिफल

**29 मई 2025, वीरवार**

ज्येष्ठ शुक्ल तिथि तृतीया (रात 11.19 तक) तथा तदोपरांत तिथि चतुर्थी। सूर्योदय समय ग्रहों की स्थिति:-

**सूर्य** वृष में, **चन्द्रमा** मिथुन में, **मंगल** कर्क में | **बुध** वृष में, **गुरु** मिथुन में, **शुक्र** मीन में | **शनि** मीन में, **राहू** कुंभ में, **केतु** सिंह में




विक्रमी सम्वत् : 2082, ज्येष्ठ प्रविष्टे 16, राष्ट्रीय शक सम्वत् : 1947, दिनांक : 8(ज्येष्ठ), हिजरी साल 1446, महीना जिल्हिज, तारीख 1, सूर्योदय : प्रात: 5.29 बजे, सूर्यास्त : सायं 7.22 बजे (जालंधर टाइम), नक्षत्र : आर्द्रा (रात 10.39 तक) तथा तदोपरांत नक्षत्र पुनर्वसु, योग: शूल (बाद दोपहर 3.47 तक) तथा तदोपरांत योग गंड, चंद्रमा : मिथुन राशि पर (पूरा दिन-रात), दिशा शूल: दक्षिण एवं आग्नेय दिशा के लिए, राहूकाल: दोपहर डेढ़ से तीन बजे तक। पर्व, दिवस तथा त्यौहार : रंभा तृतीया व्रत, महाराणा प्रताप जयंती, जिल्हिज (मुस्लिम) महीना शुरू।

**प. असुरारि नंद शांडिल्य ज्योतिष रिसर्च सैंटर, 381, मोता सिंह नगर, जालंधर।**

**मेष** : आम सितारा आपको हिम्मती-उत्साही तथा कामकाजी तौर पर एक्टिव रखेगा, शत्रु भी आपकी पकड़ में रहेंगे, प्रभाव-दबदबा बना रहेगा।

**वृष:** खेती उत्पादों, खादों-बीजों, करियाना वस्तुओं, बुटीक, गार्मैंट्स का काम करने वालों को अपने कामों में लाभ मिलेगा।

**मिथुन:** व्यापार तथा कामकाज की दशा अच्छी जिस काम के लिए यत्न करेंगे या मन बनाएंगे उसमें कामयाबी मिलेगी, मन सैर-सफर के लिए राजी रहेगा।

**कर्क** : चूंकि समय किसी नए यत्न को हाथ में लेने के लिए सही नहीं है, इसलिए एहतियात बरतनी सही रहेगी, नुकसान का भी भय है।


फ्री में दिखाएं अपनी कुंडली...
KundliTV By Punjab Kesari
https://www.facebook.com/KundliTv
https://www.youtube.com/c/KundliTv
रोजाना दोपहर 1 बजे | फेसबुक और यू ट्यूब पेज पर...


**सिंह:** सितारा धन लाभ के लिए अच्छा, कारोबारी टूरिंग भी अच्छा रिजल्ट दे सकती है, यत्न करने पर कोई कामकाजी बाधा-मुश्किल भी हटेगी।

**कन्या** : सरकारी, गैर सरकारी कामों में कामयाबी मिलेगी, बड़े लोग मेहरबान रहेंगे, आम तौर पर आपकी पैठ-धाक बनी रहेगी।

**तुला:** आम तौर पर सितारा आपको दूसरों पर हावी, प्रभावी, विजयी रखेगा, मगर ध्यान रखें कि पांव फिसलने के कारण कहीं चोट न लग जाए।

**वृश्चिक** : सितारा सेहत के लिए ढीला, इसलिए लिमिट में खान-पान करना सही रहेगा, मगर आम हालात अनुकूल चलेंगे।

**धनु** : अर्थ तथा कारोबारी दशा अच्छी, सफलता साथ देगी मगर अत्याधिक शीत वस्तुओं के इस्तेमाल से बचना सही रहेगा।

**मकर:** दुश्मनों से फासला रखना ठीक रहेगा क्योंकि वे अकारण आपके गले पड़ सकते हैं, सफर भी न करें।

**कुम्भ** : आम सितारा मजबूत, इरादों में मजबूती, मनोबल भी बढ़ेगा, तेज प्रभाव दबदबा भी बना रहेगा।

**मीन:** कोर्ट कचहरी के साथ जुड़े किसी काम के लिए आपकी भागदौड़ अच्छा रिजल्ट देगी, शत्रु भी कमजोर रहेंगे।

# सफाई कर्मियों को कम वेतन देने का मामला पहुंचा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग

## ■ आयोग ने जिला उपायुक्त को कार्रवाई के बाद तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रेषित करने का दिया आदेश

ऐलनाबाद, 28 मई (विक्टर): ऐलनाबाद नगरपालिका में ठेका पर लगे सफाई कर्मचारियों को कम वेतन देने का मामला अब राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग पहुंच गया है और आयोग ने संज्ञान लेते हुए जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर इस मामले में उचित कार्रवाई के बाद यथाशीघ्र तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रेषित करने का आदेश दिया है।

गौरतलब है कि ऐलनाबाद नगर पालिका ने स्थायी सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने के चलते ऐलनाबाद शहर के कुछ हिस्सों की सफाई का ठेका सिरसा की एक एजैंसी को टैंडर के माध्यम से दिया है और ठेकेदार इसका संचालन ऐलनाबाद के एक पार्षद प्रतिनिधि व ठेकेदार के साथ मिलकर कर रहा है।




ऐलनाबाद नगर पालिका कार्यालय का दृश्य। (विक्टर)

यह बात अलग है कि टैंडरिंग के दौरान भी पार्षद प्रतिनिधि व ठेकेदार अधिकारियों से मिलीभगत कर अपनी ही कुछ फर्मों का इस्तेमाल कर टैंडर ले लिया था, जिसको लेकर भी कई ठेकेदारों ने हो-हल्ला किया था। अब पार्षद प्रतिनिधि व ठेकेदार सफाई कर्मियों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतन से कम वेतन दे रहा है।

हालांकि ठेका लेते वक्त ठेकेदार ने नगरपालिका में एक शपथपत्र दिया था जिसमें सफाई कर्मियों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतन देने की बात कही थी मगर अब ठेकेदार सफाई कर्मियों को उनके बैंक अकाऊंट में वेतन न देकर नगर वेतन दे रहा है और उन्हें अन्य सामान जैसे रेडियम जाकेट, दस्ताने, मास्क, वर्दी व अन्य जरूरी सामान भी उपलब्ध नहीं करवा रहा है।

कुछ दिन पहले सफाई कर्मियों के धरना प्रदर्शन के बाद ऐलनाबाद नगरपालिका प्रशासन गहरी नींद से जागा और पालिका सचिव रविन्द्र सिंह ने ठेकेदार की पैमेंट में से 2 लाख रुपए रोक लिए और ठेकेदार को सफाई कर्मियों को पिछले 2 माह का पूरा वेतन देने का आदेश दिया। इस आदेश के बाद भी ठेकेदार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी और उसने फिर से सफाई कर्मियों को नगद व निर्धारित वेतन से कम वेतन दिया।

इस पूरे मामले को एक सामाजिक कार्यकर्त्ता ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सहित विभिन्न उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया। जिस पर अब राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने संज्ञान लिया है और जिला उपायुक्त को उचित कार्रवाई के बाद यथाशीघ्र तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रेषित करने का आदेश दिया है।

" **पूर्व** में सफाई का ठेका लेने वाली एजैंसी को एक नोटिस दिया था जिसका उन्होंने जवाब दिया है। मगर नगरपालिका उनके जवाब से संतुष्ट नहीं है और उन्हें दोबारा नोटिस किया गया है और एजैंसी के जवाब आने के बाद जो भी उचित कार्रवाई बनेगी, वो की जाएगी।

**रविन्द्र सिंह, सचिव नगर पालिका ऐलनाबाद।**

# तलवाड़ा झील में 5 दिवसीय संगीतमय श्री श्याम कथा शुरू



श्री श्याम कथा करते कथाव्यास अमित तिवाड़ी। (विक्टर)

ऐलनाबाद, 28 मई (विक्टर): सीमावर्ती गांव तलवाड़ा झील के श्री देव मंदिर प्रांगण में आज से 5 दिवसीय संगीतमय श्री श्याम कथा का आयोजन शुरू किया गया। इस अवसर पर आज सुबह गांव में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें दर्जनों महिलाओं ने पवित्र कलश धारण करके भाग लिया।

आज की कथा के यजमान आशु भाटी थे। कथाव्यास पंडित अमित तिवाड़ी ने अपने पवित्र मुखारविंद से प्रभु श्री श्याम कथा का गुणगान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब पांडव बंधु अपनी माता कुंती के साथ वारणावत में बनाए गए लाक्षागृह में पहुंचे। कौरवों ने साजिश के तहत लाक्षा गृह में आग लगा दी। पांडवों ने लाक्षागृह से निकलने के लिए विदुर द्वारा पहले से ही बनाई गई एक गुप्त सुरंग का उपयोग करके सुरक्षित बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

वहां से निकलकर पांडव अज्ञातवास के तहत हिंडन नदी के तट पर पहुंचे। जहां भीम का सामना हिडिंब नामक राक्षस से हुआ। दोनों के बीच भयंकर युद्ध हुआ जिसमें हिडिंब मारा गया और भीम का विवाह हिडिंब की बहन हिडिंबा से हुआ। भीम और हिडिंबा से घटोत्कच नामक बालक का जन्म हुआ। यही बालक घटोत्कच युवा होने पर प्रयाग ज्योतिषपुर में पहुंचा जहां उनका देवी कामकंटकटा (मोरवी) से विवाह हुआ। कथा के दौरान प्रसिद्ध भजन गायक सिकंदर सागर व रामनिवास रसिया ने अपनी मधुर वाणी से भजनामृत की वर्षा की।

# ए.डी.सी. ने नाथूसरी कलां में महिला डिजिटल लाइब्रेरी का किया शुभारंभ

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित


लाइब्रेरी के शुभारंभ अवसर पर ए.डी.सी. संग ग्रामीण व प्रतिभाशाली बच्चे।

सिरसा,28 मई (स.ह.): नाथूसरी कलां गांव में महिला डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया और कक्षा-10वीं एवं 12वीं में मैरिट में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया और मैरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया व मैरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं, अध्यापकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पुस्तकालयों के विकास और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और पढ़ने की संस्कृति को विकसित करने के उद्देश्य से पुस्तकालय की स्थापना की गई है।

पुस्तकालयों का विकास समाज और संस्कृति के विकास से जुड़ा होता है। यह सभ्यताओं की उन्नति का पैमाना भी होता है। पुस्तकालयों को किसी देश या समाज की सामूहिक चेतना और प्रतिभा का प्रतीक माना गया है।

पुस्तकालय सभ्यताओं के बीच सेतु का काम करते हैं। उन्होंने युवाओं से पुस्तकालय में मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया।

सरपंच रीटा जगतपाल कासनियां ने कहा कि महिला पुस्तकालय के निर्माण से महिलाओं और लड़कियों को पढ़ाई की सुविधा गांव में ही उपलब्ध हो पाएगी। प्राचीन और मध्यकाल में कई देशों के लोग भारत से पुस्तकें ले जाते थे, उनका अनुवाद करते थे और ज्ञान अर्जित करते थे। ऐसे प्रयासों के पीछे यही विचार काम करता है कि पुस्तकें और पुस्तकालय मानवता की सांझी विरासत हैं।

पुस्तकालय के निर्माण से गांव की लड़कियों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा उनका गांव में ही पूरी सुविधा मिलेगी और पढ़ाई करके अपना कैरियर बन सकती है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्टातिथि पहुंचे सतवीर सिंह ढिढारिया और पंचायती राज अभियंता गौरव भारद्वाज ने कहा कि एक छोटी-सी पुस्तक में विश्व-इतिहास की धारा को बदलने की क्षमता होती है। उन्होंने गांधीजी की आत्मकथा का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने जॉन रस्किन की किताब अनटू दिस लास्ट के उनके जीवन में हुए रचनात्मक परिवर्तन का उल्लेख किया है।

इस मौके पर समाजसेवी जगतपाल कासनियां, हरपाल कासनियां, गौशाला कमेटी प्रधान संतलाल कासनिया, मास्टर विनोद कासनियां, भूपेश नंबरदार, ब्लॉक मैंबर पवन गहलोत व ग्रामीण एवं गांव के युवा तथा छात्र मौजूद रहे।

## भरोखां के स्कूल में ए.डी.सी. ने किया ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

सिरसा, (स.ह): बुधवार को गांव भरोखां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डॉ. बी.आर. अंबेडकर ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में ए.डी.सी. लक्षित सरीन ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

यह लाइब्रेरी ग्राम पंचायत द्वारा बनवाई गई है। इस लाइब्रेरी में कंप्यूटरों व इंटरनैट का विशेष प्रबंध किया गया है। ए.डी.सी. ने स्कूल प्रांगण का दौरा किया और तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेकर बेहतर व्यवस्थाएं होने पर स्कूल के प्रिंसीपल व अन्य शिक्षकों की पीठ थपथपाई। इसके बाद एडीसी ने विद्यार्थियों के साथ बैठ कर मिड-डे मील चखा।

इस दौरान ए.डी.सी. लक्षित सरीन ने कहा कि आज के युग में कंप्यूटर व इंटरनैट पढ़ाई का अहम हिस्सा बन गए हैं इसलिए सरकारी स्कूलों में ई-लाइब्रेरी की विशेष आवश्यकता होती है। उन्होंने गांव भरोखां के स्कूल में प्रिंसीपल, शिक्षकों व पंचायत द्वारा जो सुविधाएं विद्यार्थियों को दी जा रही हैं वे काबिल-ए-तारीफ है।

इस अवसर पर सरपंच स्नेहलता, सरपंच प्रतिनिधि भीम रोज, सरपंच मिलख राज कंबोज, पंचायत समिति के सदस्य हरीश भटी, पूर्व सरपंच शीशपाल सुथार, प्रिंसीपल वेद रोज के अलावा सरपंच प्रतिनिधि भीम रोज सहित स्कूल के सभी शिक्षक व गांव के गण्यमान्य लोग मौजूद थे।


खाना खाते ए.डी.सी. व अन्य।

# ताईक्वांडो में अश्वनी व खनक सिंगला ने जीता सिल्वर मैडल

सिरसा,28 मई (स.ह.): रतिया (फतेहाबाद) में 23 से 25 मई-2025 को हुई दूसरी कैडेट एंड जूनियर हरियाणा स्टेट ताईक्वांडो चैंपियनशिप में द सिरसा स्कूल के खिलाड़ी अश्वनी व खनक सिंगला ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल जीतकर अपना व स्कूल का नाम रोशन किया।

स्कूल निदेशिका व प्रिंसीपल मनीषा गोदारा ने दोनों खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मनीषा गोदारा ने कहा कि द सिरसा स्कूल आधुनिक व संस्कारित शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध करवा रहा है, ताकि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपना भाग्य आजमाकर अपना भविष्य स्वर्णिम बना सकें।


पदक विजेता अश्वनी व खनक।

इस मौके पर जूनियर विंग की हैड कंवलजीत कौर विर्क ने कहा कि खेलों में भी करियर की अपार संभावनाएं हैं। द सिरसा स्कूल विद्यार्थियों की रूचि के अनुरूप सभी खेलों के बेहतरीन कोच व संसाधन उपलब्ध करवाकर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी पारंगत बना रहा है, ताकि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपना, स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन कर सकें।

# युवतियों को स्टाइलिश और मॉडर्न लुक दे रहे डैनिम जंपसूट और डांगरी

**वैस्टर्न ड्रैसेस** में डैनिम आऊटफिट्स हमेशा ट्रैंड में रहते हैं। इन्हें युवतियां कैजुअल से लेकर खास मौकों पर भी पहनना पसंद कर रही हैं। डैनिम आऊटफिट कैजुअल गैदरिंग और दोस्तों के साथ हैंगआऊट के लिए काफी पसंद किए जा रहे हैं। डैनिम में युवतियों को जींस से लेकर जैकेट, जंपसूट, स्कर्ट, शॉर्ट ड्रैस, लांग ड्रैस, डांगरी, शर्ट, कुर्ती आदि में देखा जा सकता है।


डैनिम आऊटफिट्स में पोज देती युवती।

कुछ युवतियां डैनिम को अन्य कपड़ों के साथ मिक्स मैच करके पहनना पसंद कर रही हैं तो कुछ को फुल डैनिम आऊटफिट्स भा रहे हैं। डैनिम जींस को युवतियां टॉप, क्रॉप टॉप और शॉर्ट्स के साथ कैजुअल और सैमी-फॉर्मल अवसरों पर पहनना पसंद कर रही हैं। डैनिम जैकेट को युवतियां जींस टॉप से लेकर वैस्टर्न के साथ-साथ इंडियन ड्रैसेस पर भी पहन रही हैं। यह किसी भी ड्रैस को स्टाइलिश बनाती है और युवतियों की लुक को निखारती है। डैनिम शॉर्ट ड्रैस एक ट्रैंडी और आरामदायक विकल्प है जो गर्मी या कैजुअल अवसरों के लिए उपयुक्त है।

डैनिम जंपसूट और डांगरी युवतियों को स्टाइलिश और मॉडर्न लुक देती हैं। यह कई कालेज और स्कूल गोइंग युवतियों की पहली पसंद बनी हुई हैं। डैनिम आऊटफिट के कई फायदे होते हैं। यह अन्य आऊटफिट्स से अधिक अट्रैक्टिव होती हैं और ज्यादा समय तक चलते हैं। यह आरामदायक फिट के लिए जाने जाते हैं। डैनिम आऊटफिट्स को अलग-अलग मौकों पर स्टाइल किया जा सकता है, जैसे कि कैजुअल, सैमी-फॉर्मल या फॉर्मल आदि।

फुटवियर में युवतियां इनके साथ स्नीकर्स, बूट्स, लॉन्ग शूज या सैंडल्स पहनना पसंद करती हैं। डैनिम आऊटफिट युवतियों को एक स्टाइलिश और आकर्षक लुक देती है। यह युवतियों को एक कैजुअल और रिलैक्स्ड लुक देती है, जिससे उनका कॉन्फिडैंस लैवल बढ़ता है। यह युवतियों को अधिक स्टाइलिश और ट्रैंडी लुक देने में मदद करती हैं। (रोशनी)


डैनिम आऊटफिट्स में फोटो खिंचवाती युवती।
(सभी फोटो मोहन)

# स्कूल टॉपर नम्रता अमित गनेरीवाला को किया सम्मानित

■ 10वीं की परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ रही अव्वल

सिरसा,28 मई (स.ह.): दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में टॉपर्स के लिए फैलिसिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वाले सभी विद्यार्थियों का स्कूल की ओर से अभिनंदन किया गया। 10वीं की परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल आने वाली छात्रा नम्रता गनेरीवाला पुत्री अमित गनेरीवाला, एडवोकेट को स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया।

अव्वल विद्यार्थी अभिनंदन समारोह का आगाज दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रमा दहिया एवं नगर पार्षद चंद्रिका गनेरीवाला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्या रमा दहिया ने कहा कि डीपीएस के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से शैक्षणिक क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है।


कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्कूल की प्राचार्य।

टॉपर रहने वाले विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे और विभिन्न विषयों के अध्यापकों का आभार जताया। पार्षद चंद्रिका गनेरीवाला ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एकाग्रता को सफलता की कुंजी बताया।

गौरतलब है दिल्ली पब्लिक स्कूल का 10वीं और 12वीं कक्षा का बेहतरीन परिणाम आया है। 10वीं कक्षा में कुल 88 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। सभी विद्यार्थी श्रेष्ठ अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। छात्रा नम्रता गनेरीवाला ने 97.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुष्का ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं पैरी ने 96 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह 12वीं कक्षा कला संकाय में छात्रा तवीशी ने 94.2 प्रतिशत लेकर पहला, वाणिज्य संकाय में शिवम बंसल ने 93.4 प्रतिशत एवं मान्या 92.4 प्रतिशत अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सभी अचीवर्स स्टूडैंट्स के अभिभावक और अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओढ़ां में 3 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

सिरसा, 28 मई (स.ह.): हरियाणा योग आयोग के आदेशानुसार आयुष विभाग द्वारा ओढ़ां ब्लॉक में 3 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में सभी स्कूलों के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, डी.पी., पी.टी.आई. एवं शारीरिक शिक्षा सहायकों ने भाग लिया।

यह प्रशिक्षण शिविर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए किया गया। शिविर आयुष विभाग की तरफ से जिला आयुर्वैदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार गंडा के मार्गदर्शन में और जिला को-आर्डिनेटर डॉ. नागर के देख रेख में करवाया गया। इस योग प्रशिक्षण में डॉ. प्रदीप गर्ग ब्लॉक को-आर्डिनेटर, योग सहायक सोनू, लवप्रीत, अमृतपाल, पूनम, हेमलता ने योगदान दिया।


योग शिविर में भाग लेते हुए योग शिक्षक।

इस दौरान सर्वप्रथम प्रार्थना से प्रारंभ करते हुए यौगिक क्रिया में ग्रीवा संचालन, कटी संचालन, घुटना संचालन, योगासन में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन आदि का अभ्यास कराया गया।

# सी.डी.एल.यू. में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

सिरसा 28 मई(स.ह): चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के ऑडिटोरियम हॉल में एक दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नागरिक सुरक्षा विभाग, सिरसा व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार के नेतृत्व में किया गया।

इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के 40 एनसीसी कैडेट्स व अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में सक्रिय योगदान के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम का संचालन असिस्टैंट बलवंत सिंह, सिविल डिफैंस इंस्ट्रक्टर विक्की, सिविल डिफैंस इंस्ट्रक्टर मनदीप एवं उनकी समर्पित टीम द्वारा किया गया।


आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए आयोजक।

इन सभी विशेषज्ञों ने कैडेट्स को व्यावहारिक रूप से अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, भूकंप, बाढ़, एवं अन्य आपदाओं में बचाव कार्य, स्ट्रेचर ड्रिल एवं रैस्क्यू ऑप्रेशंस विषयों पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावशाली बनाने हेतु कई डेमो और ग्रुप एक्सरसाइज भी करवाई गईं, जिसमें कैडेट्स ने आत्मरक्षा, आग से बचाव एवं रैस्क्यू ड्रिल्स में भाग लिया।

एन.सी.सी. केयर टेकर ऑफिसर प्रो. रचना अहलावत ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा- संकट की घड़ी में तैयार रहना आज की आवश्यकता है, और इस प्रकार का प्रशिक्षण युवाओं को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी समझाता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर एन.सी.सी. इंस्ट्रक्टर सोनिका भी उपस्थित रही। सिविल डिफैंस विभाग, सिरसा की समर्पित टीम ने इस सार्थक एवं उपयोगी आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद व शुभकामनाएं दीं।

# विद्यार्थियों ने पी.टी.एम. में दर्शाई प्रतिभा

सिरसा,28 मई (स.ह.): द सिरसा स्कूल में बुधवार को पीटी-1 परीक्षा के लिए पी.टी.एम. का आयोजन किया गया। पी.टी.एम. के दौरान विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल तथा विज्ञान के प्रोजैक्टस का भव्य प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों ने अपने हुनर को दर्शाने के लिए भोजन, खेल व कला से जुड़े स्टॉल्स लगाए, जहां उन्होंने स्वनिर्मित भोजन व मनोरंजक गतिविधियां प्रस्तुत कीं। स्टॉल्स पर बच्चों का आत्मविश्वास देखते ही बनता था, वहीं अभिभावकों ने भी बच्चों के प्रयासों की खूब सराहना की।इस कार्यक्रम की सबसे आकर्षक कड़ी रही विज्ञान प्रदर्शनी, जिसमें छात्रों ने सौर ऊर्जा, स्वच्छता अभियान, वायु प्रदूषण नियंत्रण व ज्वालामुखी आदि विषयों पर अपने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि।

इन प्रोजैक्टस ने बच्चों की वैज्ञानिक सोच, प्रयोगशीलता और प्रस्तुतिकरण की क्षमता को उजागर किया। पीटीएम के दौरान ही एआईएम, जोकि बोर्ड परीक्षाओं, आईआईटी-जेईई, नीट और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए छात्रों को तैयार करता है, का आरंभ स्कूल परिसर में किया गया। एआईएम सुनिश्चित करता है कि छात्रों को स्कूल परिसर में और नियमित स्कूल के घंटों के दौरान केंद्रित उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण मिले।

कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल अभिभावकों को छात्रों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत करवाना था, बल्कि उनकी रचनात्मकता, व्यावहारिक ज्ञान व सामाजिक सहभागिता को मंच प्रदान करना भी था। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक व स्मरणीय रहा।

# शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या शीला पूनिया को सी.एम. ने किया सम्मानित

■ सूर्य नमस्कार अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पंचकूला में मिला सम्मान

सिरसा,28 मई (स.ह.): शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल सिरसा की प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया इन्सां को पंचकूला में आयोजित भव्य योग महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सम्मानित किया गया।

उन्हें यह सम्मान सूर्य नमस्कार अभियान-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल सिरसा की छात्राओं की सूर्य नमस्कार में सबसे अधिक भागीदारी रही है और समग्र स्वास्थ्य के लिए योग को बढ़ावा देने की दिशा में स्कूल लगातार कार्य कर रहा है।



सी.एम. से अवार्ड ग्रहण करते समय प्रधानाचार्य।



अवार्ड के साथ प्रधानाचार्य शीला पूनिया।

शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया इन्सां ने अवार्ड मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया।

वहीं इस अवार्ड का पूरा श्रेय उन्होंने डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां को दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अवॉर्ड से निश्चित तौर पर सेवा के प्रति और समर्पित रहने की प्रेरणा मिलती है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। स्कूल की प्रधानाचार्या का कहना है कि उन्हें आज तक जितने भी सम्मान प्राप्त हुए हैं, वह सब डा. एमएसजी के पावन आशीर्वाद से ही संभव हुआ है और उन्हीं के मार्गदर्शन से स्कूल बुलंदियों को छू रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्या को अवार्ड मिलने पर स्कूल स्टाफ व मैनेजमेंट सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी।

**अब तक मिल चुके हैं 54 अवॉर्ड:** शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल व प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया इन्सां को अब तक 54 अवार्ड मिल चुके हैं। जिनमें मुख्य रूप से शिक्षा के क्षेत्र एडु लीडर अवार्ड, एजुकेशन एक्सीलैंस एम्पावरिंग इंडिया अवार्ड, नंबर वन सीबीएसई स्कूल इन हरियाणा अवार्ड, 2023-24 में प्रिंसीपल ऑफ द ईयर अवार्ड, हरियाणा लैजिस्लेचर असैंबली के सदस्य दुर्गा राम के द्वारा 2021-22 में शिक्षा के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

इसके अलावा जनवरी-2022 में हरियाणा विधानसभा के वाइस प्रैजीडैंट रहे व वर्तमान में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रशासनिक कार्यों में सहयोग के लिए प्रशासनिक अधिकारियों व बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ में योगदान के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री चौ. रणजीत सिंह की ओर से भी प्रधानाचार्या को सम्मानित किया जा चुका है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत योग प्रोटोकॉल का किया अभ्यास

सिरसा, 28 मई(स.ह): आगामी 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा स्थानीय शहीद भगतसिंह स्टेडियम में योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सत्र में डीपीई और पीटीआई शिक्षकों को योगाभ्यास करवाया गया।

जिला आयुर्वैदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार ने बताया कि कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिला और ब्लॉक स्तर पर भी क्रियान्वित किया जा रहा है। सिरसा में आयोजित इस योग अभ्यास का संचालन जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्रपाल ने किया।

इस दौरान जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्रपाल ने विभिन्न योग क्रियाएं करवाईं। इसके बाद विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया जिनमें ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन आदि शामिल थे। उन्होंने प्राणायाम सत्र में कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। सत्र का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।


योग करते हुए साधक।

योग अभ्यासों का क्रियात्मक प्रदर्शन आयुष योग सहायिका निशा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला आयुर्वैदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार ने शिक्षा विभाग से आए सहायक शिक्षाधिकारी अनिल कुमार सहित सभी उपस्थित डीपीई, पीटीआई, आयुष विभाग के कर्मचारियों व प्रवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर आयुष विभाग से योग सहायक साहिल कुमार, लवकेश और सिरसा ब्लॉक में कार्यरत अन्य योग सहायक एवं योग प्रशिक्षक भी मौजूद रहे।